पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल श्री नाईक ने मुंबई में सम्बोधित की प्रेस वार्ता

लखनऊ में महाराष्ट्र दिवस के आयोजन के बारे में दी जानकारी

लखनऊः 28 अप्रैल, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज मुंबई में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को महाराष्ट्र के संस्कृति मंत्री श्री विनोद तावड़े के साथ सम्बोधित किया। राज्यपाल श्री नाईक ने महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश की बीच हुये एम0ओ0यू0 के बारे में बताते हुये कहा कि दोनों राज्यों के बीच हुये एम0ओ0यू0 के तहत 1 एवं 2 मई, 2018 को राजभवन लखनऊ में आयोजित 'महाराष्ट्र दिवस समारोह' में महाराष्ट्र सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा विभिन्न कला एवं लोक कलाकारों के दल को प्रदर्शन हेतु भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि गत 30 दिसम्बर, 2017 को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के 1906 में लखनऊ में दिये गये अजर-अमर उद्घोष वाक्य 'स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा' के 101 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित समारोह में महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की दृष्टि से एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित हुआ था।

राज्यपाल श्री नाईक ने बताया कि 01 मई, 1960 को महाराष्ट्र राज्य की स्थापना हुई थी। इस वर्ष लखनऊ में 'महाराष्ट्र दिवस' समारोह का आयोजन उत्तर प्रदेश शासन, महाराष्ट्र शासन, महाराष्ट्र समाज लखनऊ, मराठी समाज लखनऊ एवं भातखण्डे संगीत संस्थान सम विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा 1 एवं 2 मई, 2018 को किया जा रहा है। समारोह में 1 मई को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल द्वारा की जायेगी। समारोह में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी0बी0 भोसले, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डाॅ0 दिनेश शर्मा तथा महाराष्ट्र के संस्कृति मंत्री श्री विनोद तावड़े विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि 2 मई, 2018 के समापन कार्यक्रम में राज्यपाल मुख्य अतिथि तथा उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य विशिष्ट अतिथि होंगे।

श्री नाईक ने महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश के संबंधों पर प्रकाश डालते हुये बताया कि दोनों ही राज्यों का पुराना संबंध रहा है। काशी नगरी के विद्वान गागा भट्ट ने शिवाजी का राज्याभिषेक कराया था। स्वतंत्रता संग्राम में रानी लक्ष्मीबाई, नाना साहेब, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने उत्तर प्रदेश में स्वतंत्रता समर को दिशा दी। लखनऊ में स्थापित देश का एकमात्र भातखण्डे संगीत संस्थान सम विश्वविद्यालय महाराष्ट्र के पं0 विष्णु नारायण भातखण्डे के सहयोग से स्थापित हुआ। लखनऊ में आयोजित गणेशोत्सव कार्यक्रम में सहभाग करने को उन्होंने मुंबई की स्मृति दिलाने वाला बताया।

महाराष्ट्र के संस्कृति मंत्री श्री विनोद तावडे ने एम0ओ0यू0 पर प्रकाश डालते हुये बताया कि यह एम0ओ0यू0 दोनों राज्यों की कला एवं संस्कृति के उन्नयन हेतु कार्य करने के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 1 एवं 2 मई, 2017 राजभवन, लखनऊ में महाराष्ट्र दिवस का आयोजन किया गया था। समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रतिवर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस मनाने की घोषणा की थी जिसके पश्चात् इस वर्ष 24 जनवरी, 2018 को तीन दिवसीय भव्य समारोह का आयोजन हुआ था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप राष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडु ने सहभाग किया था। उत्तर प्रदेश का राज्यपाल बनने के बाद से ही श्री नाईक ने 'उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह' के शासकीय स्तर पर आयोजन को लेकर विशेष प्रयास किये थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (173/45)